रजिस्ट्री सं. डी.—(डी एन)—73 REGISTERED NO. D—(DN)—73

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 10] नई दिल्ली, शनिवार, मार्च 9, 1985 (फाल्गुन 18, 1906)
No. 10] NEW DELHI, SATURDAY, MARCH 9, 1985 (PHALGUNA 18, 1906)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय सूची

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं	259
भाग I—खंड 2—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी की गयी सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	215
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं	1
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गयी सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	213
भाग II—खंड I—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II—खंड 1-क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II—खंड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के विवरण तथा रिपोर्ट	*
भाग II—खंड 3—उप-खंड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II—खंड 3—उप-खंड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	*
भाग II—खंड 3—उप-खंड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी में प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खंड 3 या खंड 4 में प्रकाशित होते हैं)	
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	
भाग III—खंड 1—उच्चतम न्यायालय, महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेलवे प्रशासनों, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	4433
भाग III—खंड 2—पेटेन्ट कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं और नोटिस	225
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं	53
भाग III—खंड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	633
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्ति और गैर-सरकारी निकायों द्वारा विज्ञापन और नोटिस	21
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़े को दिखाने वाला अनुपूरक	*

*पृष्ठ संख्या प्राप्त नहीं हुई।

CONTENTS

	PAGES
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) ..	181
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence)	215
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	213
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative text in the Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including orders, bye-laws, etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) on General Statutory Rules & Statutory Orders (including bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administrations of Union Territories)	
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the Supreme Court, Auditor General, Union Public Service Commission, Railways Administrations, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	4433
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, Calcutta .. .	225
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners ..	53
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies ..	633
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	21
PART V—Supplement showing statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi ..	*

*Folios Nos. not received

भाग I—खण्ड 1
[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधिसर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 जनवरी, 1985

सं० 20-प्रेज/85—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को उनकी उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के उपलक्ष्य में "विशिष्ट सेवा मैडल" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. ब्रिगेडियर मोहिन्दर सिंह (आई० सी०-6605), आर्टिलरी ।
2. ब्रिगेडियर नरंजन सिंह खेड़ा (आई० सी-6147), इन्फैंट्री ।
3. ब्रिगेडियर रंगास्वामी नरसिम्हन (आई० सी-7384, एस० सी०, (इन्फैंट्री) (जाट) ।
4. ब्रिगेडियर शेर जंग राठौर (आई० सी-11024), मैकनाइज्ड इन्फैंट्री ।
5. ब्रिगेडियर कुंजुन्नी पिल्ली गोपीनाथन कुरूप (आई० सी-5360), सिगनल्स, (सेवा निवृत्त) ।
6. ब्रिगेडियर कृष्ण कुमार सहगल (आई० सी-7726), इलैक्ट्रिकल मैकेनिकल इंजीनियर्स ।
7. ब्रिगेडियर विश्वास सदाशिव जोगलेकर (आई० सी-7453), ए० एस० सी० ।
8. ब्रिगेडियर सुधीर कुमार विस्वास (एम० आर-00632), आर्मी मेडिकल कोर ।
9. ब्रिगेडियर गोपाल वेंकटारमानी (एम० आर-00765), ए० एम० सी० ।
10. मेजर जनरल वर्गीज जॉन (आई० सी-6181), ए० ओ० सी० ।
11. ब्रिगेडियर अनन्त भानु गोर्थी (आई० सी-8620), जे० ए० जी० विभाग ।
12. कर्नल धर्मवीर भामड़ा (आई० सी-8149), आर्टिलरी (सेवा निवृत्त) ।
13. कर्नल सूरत सिंह बाजवा (आई० सी-10029), आर्टिलरी ।
14. कर्नल तिलक राज पूरी (आई० सी-6172), जम्मू और कश्मीर राइफल्स (सेवा निवृत्त) ।
15. कर्नल नरेन्द्र सिंह नेगी (आई० सी-6418), कुमाऊं रेजिमेंट (सेवा निवृत्त) ।
16. कर्नल तरलोचन सिंह राय (आईस सी-7794), इन्फैंट्री ।
17. कर्नल पृथ्वी नाथ (आई० सी-8575), इन्फैंट्री ।
18. कर्नल प्रताप शंकर राव शिंडे (आई० सी-11189), इन्फैंट्री ।
19. कर्नल रामदास मोहन (आई० सी-12584), इंफैंट्री ।
20. कर्नल सुरेन्द्र पाल सिंह (आई० सी-13556), पैराशूट रेजिमेंट ।
21. कर्नल जोगिन्दर सिंह राव (आई० सी-11812), इंजीनियर्स ।
22. कर्नल सुभाष चन्द्र मलिक (आई० सी-7948), सिगनल्स (मरणोपरान्त) ।
23. कर्नल पुथैट्ट जकारियस मणि (आई० सी-12059), सिगनल्स ।
24. कर्नल पूर्ण सिंह हीत (आई० सी-6740), इलैक्ट्रिकल एंड मैकेनिकल इंजीनियर्स (सेवा निवृत्त) ।
25. ब्रिगडियर वीर वात्सल गुप्ता (आई० सी-10097), इलैक्ट्रिकल एंड मैकेनिकल इंजीनियर्स ।
26. कर्नल प्रेम कृष्ण दास कपूर (आई० सी-8560), आर्मी सर्विस कोर ।
27. कर्नल धीरेन बारदलोई (एम० आर-0641), आर्मी मेडिकल कोर ।
28. कर्नल महादेव पाल (एम० आर-1412), आर्मी मेडिकल कोर ।
29. कर्नल राजिन्दर कुमार सुरी (एम० आर-01420), ए० एम० सी० ।
30. कर्नल हरसरन सिंह (एम० आर०-1427), आर्मी मेडिकल कोर ।
31. कर्नल रणजीत सिंह वर्मी (एम० आर-1353), आर्मी मेडिकल कोर ।
32. कर्नल अशोक माधव भादभाडे (आई० पी-7845), आर्मी आर्डनेंस कोर ।
33. ब्रिगेडियर जैकब सैम्यूल (आई० सी-8151), आर्मी आर्डनेंस कोर ।
34. लेफ्टिनेंट कर्नल खुसरो गुस्ताद जलनावाला (आई० सी-7049), आर्मर्ड कोर ।
35. लेफ्टिनेंट कर्नल बलदेव कृष्ण (आई० सी-13750), इंजीनियर्स ।
36. कर्नल सतीश चन्द्र चोपड़ा (आई० सी-13963), राज राइफल्स ।
37. लेफ्टिनेंट कर्नल प्रमोद शरद शेकदर (आई० सी-14553), गार्ड्स ।
38. लेफ्टिनेंट कर्नल मंगू कृष्ण राव (आई० सी-14748), जाट ।
39. लेफ्टिनेंट कर्नल सुभाष चन्द्र भूमाया अम्बेप (आई० सी-14776), गोरखा राइफल्स ।
40. लेफ्टिनेंट कर्नल कृष्ण पाल सिंह (आई० सी-15877), राजपूताना राइफल्स ।
41. लेफ्टिनेंट कर्नल विष्णु कुमार अग्रवाल (आई० सी-16259), जाट राइफल्स ।
42. लेफ्टिनेंट कर्नल सुरेन्द्र सिंह हाड़ा (आई० सी-18096), कुमाऊं ।
43. लेफ्टिनेंट कर्नल सुरेश बाबू खन्ना (आई० सी-18739), मराठा लाइट इन्फैंट्री ।
44. लेफ्टिनेंट कर्नल जंग बहादुर मेहता (आई० सी-18769), एस० एम०, डोगरा ।
45. लेफ्टिनेंट कर्नल कैलाशपति नारायण सिंह (आई० सी०-20312), पंजाब रेजिमेंट ।

46. लेफ्टिनेंट कर्नल जय सिंह (आई० सी–20370), सिख लाइट इन्फैंट्री ।
47. लेफ्टिनेंट कर्नल रवीन्द्र सिंह मान (आई० सी–20637), 14 राजपूत रेजिमेंट ।
48. लेफ्टिनेंट कर्नल गुरिन्दरजीत सिंह सिद्दू (आई० सी–20747), ग्रेनेडियर्स ।
49. लेफ्टिनेंट कर्नल मदन कुमार वर्मा (आई० सी–21570), राजपूताना राइफल्स ।
50. लेफ्टिनेंट कर्नल बासदेव सिंह राजावत (आई० सी–22145), राजपूताना राइफल्स ।
51. लेफ्टिनेंट कर्नल सुरिन्दर नाथ महाजन (आई० सी–15061), इंजीनियर्स ।
52. लेफ्टिनेंट कर्नल मैथ्यू मम्मेन (आई० सी–15792), इंजीनियर्स ।
53. लेफ्टिनेंट कर्नल सुरेश दत्त (आई० सी–16607), इंजीनियर्स ।
54. लेफ्टिनेंट कर्नल वजाहत कबीर (आई० सी–19803), इंजीनियर्स ।
55. लेफ्टिनेंट कर्नल लिलू तैहिलियानी (आई० सी–12555), सिगनल्स ।
56. लेफ्टिनेंट कर्नल रवीन्द्र कुमार कश्यप (आई० सी–13538), इलैक्ट्रिकल एंड मैकेनिकल इंजीनियर्स ।
57. लेफ्टिनेंट कर्नल सुरेन्द्र कुमार जैन (आई० सी–13954), ई० एम० ई० ।
58. लेफ्टिनेंट कर्नल पुरषोत्तम विग (आई० सी–16048), इलैक्ट्रिकल एंड मैकेनिकल इंजीनियर्स ।
59. लेफ्टिनेंट कर्नल श्याम पाल सिंह (आई० सी–15975), आर्मी सर्विस कोर ।
60. लेफ्टिनेंट कर्नल हीरामणि अर्थवाल (आई० सी–16006), आर्मी सर्विस कोर ।
61. लेफ्टिनेंट कर्नल जवाहीर लाल मिस्कीन (आई० सी–18508), आर्मी सर्विस कोर ।
62. लेफ्टिनेंट कर्नल सताप कुमार सारकेर (एम० आर–01119), एस० एम०, आर्मी मेडिकल कोर ।
63. लेफ्टिनेंट कर्नल विजय वामन तिलक (एम० आर–02325), आर्मी मेडिकल कोर ।
64. लेफ्टिनेंट कर्नल प्रत्युश चन्द्र मल्लिक (एम० आर–02398), ए० एम० सी० ।
65. लेफ्टिनेंट कर्नल विजय सागर मदान (एम० आर–02420), आर्मी मेडिकल कोर ।
66. लेफ्टिनेंट कर्नल नेवालकोनार मणिवन्नन (डी० आर–10193), आर्मी डेंटल कोर ।
67. लेफ्टिनेंट कर्नल (कुमारी) आयपति सुबैया नायडू सरस्वती (एम० आर–12657), मिलिटरी नर्सिंग सर्विस ।
68. लेफ्टिनेंट कर्नल विनोद कृष्ण भटनागर (वी 62), रिमाउंट एंड वैटेरिनरी कोर ।
69. लेफ्टिनेंट कर्नल यशोदा नन्दन उपाध्याय (वी 171) रिमाउंट एंड वैटेरिनरी कोर ।
70. मेजर कामरगोड पलत रमेश (आई० सी–27029), आर्मर्ड कोर ।
71. मेजर सुरिन्दर सिंह चौधरी (आई० सी–12602), ग्रेनेडियर्स ।
72. मेजर आनन्द चतुर्वेदी (आई० सी–13770), पैराशूट रेजिमेंट ।
73. मेजर शम्भु शरण पांडेय (आई० सी–14733), गोरखा राइफल्स ।
74. मेजर फेवर बेदर माइलिमुगण (आई० सी–20434), गोरखा राइफल्स ।
75. मेजर गायकवाड़ प्रताप सोहनराव (आई० सी–20741), जम्मू और कश्मीर लाइट इन्फैंट्री ।
76. मेजर रणबीर सिंह मघेरा (आई० सी–28478), ब्रिगेड आफ गार्ड्स ।
77. मेजर गुरमुख सिंह गिल (आई० सी–29581), वीर चक्र, पंजाब ।
78. मेजर पवन कुमार नायर (आई० सी–19043), इंजीनियर्स ।
79. मेजर नरिन्दर सिंह (आई० सी–23846), आर्मी सर्विस कोर ।
80. मेजर करन सिंह (आई० सी–26108), आर्मी सर्विस कोर ।
81. मेजर (कुमारी) सोक्कलिंगम चन्द्र (एन० आर–13890), एम० एन० एस० ।
82. मेजर कृष्णमूर्ति कोतंडपाणि (आई० सी–29354), इंटैलिजेंस कोर ।
83. मेजर जोगिन्दर सिंह बैंस (आई० सी–22536), आर्मी आर्डनेंस कोर (सेवा निवृत्त) ।
84. कैप्टन जसमेर सिंह चंदेल (आई० सी–30530), 4 राजपूत ।
85. कैप्टन रामकृष्ण वहिया (आई० सी–32374), महार रेजिमेंट ।
86. कैप्टन सदाशिव कुंजीरा बापैया (आई० सी–32600), 3 गोरखा राइफल्स ।
87. लेफ्टिनेंट कर्नल जयंत कुमार कार (एम० आर–01839), आर्मी मेडिकल कोर ।
88. लेफ्टिनेंट कर्नल मदन मोहन गुप्ता (एम० आर–1939), आर्मी मेडिकल कोर ।
89. लेफ्टिनेंट कर्नल मोहिन्दर सिंह (एम० आर–01974), आर्मी मेडिकल कोर ।
90. कैप्टन अशोक प्रताप सिंह (आई० सी–33465), गढ़वाल राइफल्स ।
91. कैप्टन कुलदीप सिंह सूच (आई० सी–33010), इंजीनियर्स ।
92. कैप्टन राकेश वाही (आई० सी–38671), इंजीनियर्स ।
93. कैप्टन परमजीत सिंह (आई० सी–30151), सिगनल्स ।
94. कैप्टन सर्वजीत सिंह (एस० एल–2413), ई० एम० ई० ।
95. कैप्टन (श्रीमती) जसबीर कौर ग्रेवाल (एन० आर–15325), एम० एन० एस० ।
96. डिप्टी कमांडेंट सूरज कुमार तामंग (ए० आर–93), असम राइफल्स ।
97. उप पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार, सी० आर० पी० एफ० ।
98. सैकिंड लेफ्टिनेंट रवि कुमार [illegible] (आई० सी–40727), सिगनल्स ।
99. जे० सी–51147 सूबेदार मेजर थांगलिरा, असम रेजिमेंट ।
100. जे० सी–69035 सूबेदार मेजर दरबारा सिंह, सिख रेजिमेंट ।
101. जे० सी–60279 सूबेदार मेजर सुख राम आर्या, बिहार ।
102. जे० सी–91800 सूबेदार मातू सिंह, राजपूताना राइफल्स ।
103. जे० सी–91791 सूबेदार ओम प्रकाश बुल, इंजीनियर्स ।
104. जे० सी–97923 सूबेदार अवतार सिंह, सिगनल्स ।
105. जे० सी–116037 सूबेदार हरिहरण, टी० ए०, सिगनल्स ।
106. जे० सी–53084 सूबेदार प्रफुल कुमार बड़जीना, ए० एम० सी० ।
107. जे० सी०–85286 सूबेदार प्रेम चन्द शाद, इंटैलिजेंस कोर ।

108. 1565393 हवलदार मारुति उस्तेकर, इंजीनियर्स ।
109. 1542560 लांस नायक सोपान चन्द्र राव यादव, इंजीनियर्स ।
110. कैप्टन जेरोम केस्तीलीनों–60082 जैड ।
111. कैप्टन हरचन्द सिंह–60109 के ।
112. कैप्टन मतबीर सिंह खन्ना (00530 बी०) ।
113. कैप्टन सुहास वासुदेव पुरोहित–60122 आर ।
114. कमांडर प्रणव कुमार राय–60083 ए ।
115. कमांडर रमेश कुमार अहलुवालिया (00612 आर०) ।
116. कमांडर श्रीनिवास वरदाचारी गोपालाचारी (00713 डब्ल्यू) ।
117. कमांडर कुरुपथ वासुपुरथ विजयगोपालन–00785 एच ।
118. कमांडर अरुण प्रकाश भट्टाचार्य–60138 ए ।
119 कमांडर रविन्दर कृष्ण भाटिया (40251–बी) ।
120. कमांडर गुलशन राय सरना (40279 टी) ।
121. कमांडर बीरेन्द्र सिंह रणधावा–40298 के ।
122. कमांडर पालयानवीतिल कुन्हामेवकुट्टी मोहम्मद (40303 वाई) ।
123. कमांडर सतपाल शर्मा 50156 आर ।
124. कमांडर जंघयाला वेंकट अवधानुलु 50277 आर ।
125. लेफ्टिनेंट कमांडर शरीफ अहमद खां (40450 एफ) ।
126 लेफ्टिनेंट कमांडर चितरपु उदय भास्कर 50321 आर ।
127. एक्टिंग कैप्टन गुरबचन सिंह कोहली–70064 के ।
128. सर्जन लेफ्टिनेंट कमांडर (श्रीमती) वीना आनन्द खडेकर (75273 जैड) ।
129. लेफ्टिनेंट (स्पेशल ड्यटी एयर इंजीनियरी) उज्जल सिंह, 86022 बी ।
130. लेफ्टिनेंट (स्पेशल ड्यटी मैरीन इंजीनियर) ओंकार चन्द–85056 एच, एन एम ।
131. कमांडर (स्पेशल ड्यटी बोसन) दर्शन लाल 83160 जैड, एन एम ।
132. पोन्नाचथ राधाकृष्णन नायर, मास्टर चीफ पेट्टी अफसर (फोटो) 1, 046913 वाई ।
133. सूर्य प्रसाद सिंह, मास्टर चीफ पेट्टी अफसर, फर्स्ट क्लास, 048084 एच ।
134. कुन्नीयूर प्रेमन, मास्टर चीफ इलैक्ट्रिकल आर्टिफिसर रेडियो, सैकिंड क्लास (092612–एच) ।
135. विंग कमांडर रमेश चन्द्र गोसाईं, वीर चक्र (9447), उड़ान (पायलट) ।
136. स्क्वाड्रन लीडर अरविंद कुमार नागलिया (11833), उड़ान (पायलट) ।
137. विंग कमांडर हरबख्स परमिन्दर सिंह, वीर चक्र, (7485), फ्लाइंग (नेवीगेटर) ।
138. विंग कमांडर माणिकम चन्द्रशेखरन (8471), फ्लाइंग (नेवीगेटर) ।
139. विंग कमांडर दिनेश चन्द्र निगम (7938), एयरोनाटिकल इंजीनियरिंग (इलैक्ट्रानिक्स) ।
140. स्क्वाड्रन लीडर मनमोहन कुमार राणा (10688), एयरोनाटिकल इंजीनियरग (इलैक्ट्रानिक्स) ।
141. स्क्वाड्रन लीडर समरेन्द्र नाथ दासगुप्ता (12448), एयरोनाटिकल इंजीनियरिंग (इलैक्ट्रानिक्स) ।
142. विंग कमांडर सत्यमूर्ति श्रीधर (7885) ए ई (एम) ।
143. फ्लाइट लेफ्टिनेंट बेल्लीगुंड कृष्णमूर्ति मुरली (13728), एयरोनाटिकल इंजीनियरिंग (मैकेनिकल) ।
144. फ्लाइंग अफसर नवरतन शुक्ला (16475), एयरोनाटिकल इंजीनियरिंग (मैकेनिकल) ।
145. ग्रुप कैप्टन सुदेश पाल वोहरा (5643), एडमिनस्ट्रेटिव ।
146. विंग कमांडर दिनेश चन्द्र ध्यानी (6590), एडमिनस्ट्रेटिव ए टी सी ।
147. विंग कमांडर बावा गुरु प्रताप सिंह मल्ला (7391), एडमिनस्ट्रेटिव ।
148. विंग कमांडर कुंभपति वेणुगोपाल कृष्णा शास्त्री (7513), एडमिनस्ट्रेटिव ।
149. विंग कमांडर अयैनापुड़ी विजय पाल (9190), एडमिनस्ट्रेटिव ।
150. विंग कमांडर शिव लाल चोपड़ा (9631), एडमिनस्ट्रेटिव ।
151. विंग कमांडर सुब्रामणियन नटराजन (6447), लोजिस्टिक्स ।
152. विंग कमांडर जगदीश सिंह दलाल (9228), लोजिस्टिक्स ।
153. स्क्वाड्रन लीडर थकादियिल जोसेफ मथाइ (8597), लोजिस्टिक्स ।
154. स्क्वाड्रन लीडर किरणचन्द्र इन्द्रवदन त्रिवेदी (11788), मैटरोलोजिकल ।
155. विंग कमांडर सुधांशु कुमार अग्रवाल (6486 के), मेडिकल/पी सी ।
156. विंग कमांडर कुक्केहल्ली प्रभाकर हेगड़े (7253), मेडिकल ।
157. 221926–एफ वारंट अफसर रमेश चन्द्र प्रभाकर एम टी/फिटर ।
158. 227674–के वारंट अफसर रमण गौड़ रामपुरम वेंकट, इन्स्ट्रूमेंट फिटर ।

सं० 21–प्रेस/85––राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्ति को उनकी उच्च-कोटि की विशिष्ट सेवा के उपलक्ष्य में "विशिष्ट सेवा मैडल का बार" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. ब्रिगेडियर प्रेम पॉल सिंह (आई सी–11512), वी एस एम, इन्फैंट्री ।

सं० 22–प्रेस/85––राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को उत्कृष्ट वीरता के लिए "कीर्ति चक्र" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. जी–154788 बी आर ग्रेड–1 रवीन्द्र नाथ गुलेरिया (मरणोपरान्त) (पुरस्कार की प्रभावी तिथि 6 अप्रैल, 1983)

जी–154788 बी आर ग्रेड–1 रवीन्द्र नाथ गुलेरिया अप्रैल, 1983 के दौरान श्रीनगर–लेह रोड पर सेक्टर द्रास–कारगिल सड़क पर बर्फ हटाने के काम की देख-रेख कर रहे थे ।

6 अप्रैल, 1983 को श्री गुलेरिया डोजर और बर्फ हटाने की मशीन के चालकों का मार्गदर्शन कर रहे थे । अचानक ऊपर से बर्फ फिसली और नीचे आते-आते उसने एक भीषण हिमखंड का रूप धारण कर लिया । संतरी ने खतरे का संकेत किया । श्री रवीन्द्र नाथ गुलेरिया अपने को बचाने की बजाय अन्य लोगों को इस खतरे से आगाह करने के लिए दौड़े जो समय पर इसे भांप नहीं सकते थे । हिमखंड के नीचे आकर टकरा जाने के बाद पता लगा कि खतरे की समय पर सूचना मिल जाने के कारण चार व्यक्ति अपेक्षाकृत सुरक्षित स्थान की ओर भाग गए थे और वे बर्फ में थोड़ा ही दब पाए । लेकिन तीन व्यक्ति उसमें दबकर लापता हो गए । उनमें से एक श्री रवीन्द्र नाथ गुलेरिया थे ।

इस प्रकार श्री रवीन्द्र नाथ गुलेरिया ने साहस और असाधारण निःस्वार्थ सेवा-भावना का परिचय देते हुए अपना जीवन बलिदान कर दिया ।

2. श्री बचन सिंह सधराव,
मुख्य इंजीनियर (परियोजना) स्वस्तिक ।
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 10 सितम्बर, 1983)

10/11 सितम्बर, 1983, को उत्तरी सिक्किम में मानुल में एक भीषण भूस्खलन हुआ जिससे सीमा सड़क के 65 कार्मिक दब गए अथवा बह गए। कई स्थानों पर राजमार्ग पूर्णतया नष्ट हो गए।

सीमा सड़क संगठन के मुख्य इंजीनियर (परियोजना) स्वस्तिक श्री बचन सिंह अपनी सुरक्षा की परवाह किए बगैर अपने कर्मचारियों में आत्म-विश्वास बनाए रखने के लिए सड़क के टूटे हुए भागों से होते हुए चट्टानों तथा नालों को पार करते हुए सड़क के सभी क्षतिग्रस्त स्थानों पर गए। क्षति का जायजा लेने के बाद तुरन्त मरम्मत का काम प्रारम्भ कर दिया। निरन्तर बारिश में ही चढ़ाइयों पर चढ़कर इन्होंने उन दो क्षतिग्रस्त पुलों का भी निरीक्षण किया जिनके बह जाने का खतरा था और मरम्मत कार्य शुरू करने के आदेश दिए। यदि समय पर यह कार्रवाई नहीं की होती तो न केवल ये दोनों पुल बह जाते अपितु चुशगथंग तक संचार व्यवस्था को दोबारा चालू करना कठिन हो जाता।

श्री बचन सिंह सधराव के कुशल नेतृत्व में यातायात को दोबारा चालू करने का काम निर्धारित समय से पूर्व भलीभांति पूर्ण हुआ।

इस प्रकार मुख्य इंजीनियर श्री बचन सिंह सधराव ने साहस, नेतृत्व और उच्चकोटि की कर्तव्य परायणता का परिचय दिया।

3. श्री आर० बी० कुलकर्णी,
अधीक्षक इंजीनियर (सिविल)।
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 10 सितम्बर, 1983)

10/11 सितम्बर, 1983 की रात उत्तरी सिक्किम में मानुल में भीषण भूस्खन हुआ जिसमें जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स के कार्मिकों के मकान, मजदूरों की झोपड़ियां और सरकारी भंडार घर पूरी तरह मिट गए या दब गए। इसमे 65 लोगों की जानें गईं और एक लाख से अधिक की संपत्ति नष्ट हुई।

इस घटना का समाचार पाकर श्री आर० बी० कुलकर्णी ने भूस्खलनों को तुरन्त साफ करने के लिए उपलब्ध सभी कर्मचारी और साज-सामान को तैनात करने के आदेश दिए। इस कठिन कार्य को पूरा करने के लिए श्री आर० बी० कुलकर्णी अपनी जान की जोखम मे डालकर स्वयं कच्चे रास्तो और टूटी-फूटी सड़को पर पैदल चले और कार्य की पूर्ति तक उसकी देख-रेख की।

इस कार्रवाई में श्री आर० बी० कुलकर्णी ने संगठन क्षमता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्य परायणता का परिचय दिया।

4. कैप्टन अनिल मल्होत्रा (आई सी–40114),
कुमाऊं।
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 3 जनवरी, 1984)

3 जनवरी, 1984, को 7 कुमाऊं के सैकिंड लेफ्टिनेंट (अब कैप्टन) अनिल मल्होत्रा वार्षिक छट्टी पर थे। जब ये अपने भाई के साथ चंडीगढ़ के सेक्शन 18 सी में लायन्स क्लब ग्राउंड की ओर जा रहे थे तो अचानक दो उकैतों ने स्कूटर से आकर इनका रास्ता रोक लिया। बंदूक तानकर इनसे बहुमूल्य चीजें सौंप देने को कहा। कैप्टन अनिल मल्होत्रा चुप रहे और सूझ-बूझ का परिचय दिया तथा एक उकैत का रिवाल्वर वाला हाथ पकड़ लिया। मुंह पर बार-बार प्रहार होने पर भी वह उकैत से भिड़े रहे और उसे रिवाल्वर नही चलाने दिया। इस बीच इनके भाई सुनील मल्होत्रा भी दूसरे उकैत से भिड़ गए। अन्त में दोनों भाई उन उकैतों पर जो घाव में आतंकवादी पाए गए, हावी होने में सफल हो गए।

इस प्रकार कैप्टन अनिल कुमार मल्होत्रा ने अपराधियों को पकड़ने में अपनी जान को जोखिम में डालकर अनुकरणीय साहस, बहिमत्ता और सूझबूझ का परिचय दिया।

5. श्री जयराम, (मरणोपरान्त)
नैमित्तिक केयर टेकर,
प्रधान डाकघर,
अलीगढ़।
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 21 फरवरी, 1984)

21 फरवरी, 1984, को लगभग 7 बजे शाम अलीगढ़, प्रधान डाक घर के केयर टेकर श्री जयराम, सहायक कोषाधिकारी श्री मुन्शी लाल वर्मा के साथ पास की एक इमारत से नकदी अलीगढ़ डाकघर के मुख्य राजकोष कार्यालय को ले जा रहे थे। बिजली बन्द होने के कारण उस इलाके में अंधेरा छाया हुआ था। नकदी वाला बक्सा श्री जयराम के सिर पर लदा हुआ था और श्री वर्मा उनके पीछे पेट्रोमेक्स जलाए चल रहे थे। उस इमारत के दरवाजे पर पहुंचते ही दो लुटेरों ने बक्से को छीनने की कोशिश की। उसमें 2,22,291.40 रुपए भरा था। श्री जयराम ने उन्हें बक्सा छीनने से रोका और उसे मजबूती से पकड़े रहे। इस पर उनमें से एक लुटेरे ने पिस्तौल से उनकी छाती में गोली मार दी। दूसरे ने बक्सा उठाकर भागने की कोशिश की। श्री मुन्शी लाल वर्मा ने पेट्रोमेक्स से ही उस पर वार किया। परन्तु लटेरे बढ़ते-बढ़ते पास में खड़े किए हुए अपने स्कूटर तक पहुंच गए। वहां उनका तीसरा साथी जो उनकी प्रतीक्षा कर रहा था, स्कूटर चालू करने लगा। इत्तफाक से स्कूटर नीचे गिर गया और वे उसके नीचे दब गए। स्थिति का लाभ उठाकर श्री मुन्शी लाल वर्मा ने पेट्रोमेक्स से कई बार उन पर वार किए, नकदी वाला बक्सा छीना और वापस अपने प्रधान कार्यालय में चले गए। इसी बीच श्री जयराम की घावों के कारण मृत्यु हो गई।

इस प्रकार श्री जयराम ने अपने प्राणों की आहुति देकर सरकारी धन को बचाने में साहस और असाधारण कर्तव्य परायणता का परिचय दिया।

6. लेफ्टिनेंट कर्नल तेजिन्दर सिंह (आई सी–15868),
गढ़वाल राइफल्स।
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 5 जून, 1984)

5/6, 1984, की रात को "ब्लू स्टार" संक्रिया के दौरान 9 गढ़वाल राइफल्स के कमान अफसर लेफ्टिनेंट कर्नल तेजिन्दर सिंह को एक प्रमुख धार्मिक स्थान के एक हिस्से पर कब्जा करने का आदेश दिया गया। लेफ्टिनेंट कर्नल तेजिन्दर सिंह अपनी कमान की दो कम्पनियों को लेकर कार्रवाई के स्थान की ओर बढ़े। अपने बचाव की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए उन्होंने आतंकवादियों के जोरदार फायर के दौरान टोह लगाई और बहुत सावधानीपूर्वक कार्रवाई की योजना बनाई। 5/6 जून, 1984, की रात को 22.00 बजे लेफ्टिनेंट कर्नल तेजिन्दर सिंह के नेतृत्व में 9 गढ़वाल राइफल्स के सैनिक फायर की परवाह न करते हुए उस इमारत में दाखिल हो गए। ऐसे में आतंकवादियों के असरदार फायर से सैनिकों के बहुत संख्या में हताहत हो जाने की वजह से कार्रवाई कुछ धीमी पड़ गई। लेफ्टिनेंट कर्नल तेजिन्दर सिंह ने स्वयं अपनी बटालियन का नेतृत्व किया और इमारत पर हमला बोल दिया। इनके साहस, नेतृत्व और धीरता को देखकर उनके सैनिक इमारत के अंदर अपना कब्जा बढ़ाते चले गए। जब भी आतंकवादियों के अचूक फायर के कारण आगे बढ़ना रुकता, लेफ्टिनेंट कर्नल तेजिन्दर सिंह अपने सैनिकों की हिम्मत बढ़ाने और मार्गदर्शन करने के लिए स्वयं आगे आ जाते, हालांकि ऐसा करके वह स्वयं आतंकवादियों के फायर की जद में आ जाते थे। लेफ्टिनेंट कर्नल तेजिन्दर सिंह द्वारा तेजी से की गई कार्रवाई ने आतंकवादियों को चकित कर दिया और 256 आतंकवादियों को पकड़ लिया गया।

इस संक्रिया के दौरान लेफ्टिनेंट कर्नल तेजिन्दर सिंह ने साहस, नेतृत्व और अति असाधारण कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

7. लेफ्टिनेंट कर्नल इसरार रहीम खान (आई सी–22068),
गार्ड्स।
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 5 जून, 1984)

"ब्लू स्टार" संक्रिया के दौरान लेफ्टिनेंट कर्नल इसरार रहीम खान 10 गार्ड्स की कमान संभाले हुए थे। 5/6 जन, 1984 की रात को

उनकी बटालियन को भारी किलेबन्दी वाले एक धार्मिक स्थान के एक हिस्से पर कब्जा करने का काम सौंपा गया। आतंकवादियों के किलेबन्द मोर्चों से स्वचालित हथियारों से भारी फायर होने की वजह से उनकी बटालियन के सैनिक भारी संख्या में हताहत हुए। ऐसे में लेफ्टिनेंट कर्नल इसरार रहीम खान अपनी जान की परवाह न करते हुए खुद आगे बढ़े और अपने सैनिकों को प्रेरित करते हुए अपने लक्ष्य की ओर बढ़े। आतंकवादियों के भारी फायर के बावजूद दृढ़ संकल्प और अनुकरणीय साहस दिखाते हुए लेफ्टिनेंट कर्नल इसरार रहीम खान ने इस संक्रिया में अपने सैनिकों का सफल नेतृत्व किया।

इस संक्रिया के दौरान लेफ्टिनेंट कर्नल इसरार रहीम खान ने दृढ़-संकल्प, अनुकरणीय साहस, नेतृत्व, शौर्य और अति असाधारण कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

8. मेजर हितेश कुमार पलटा (आई सी–17091), (मरणोपरान्त)
कुमाऊं।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 5 जून, 1984)

5/6 जून, 1984, की रात को आतंकवादी विरोधी कार्रवाइयों के दौरान, मेजर हितेश कुमार पलटा 9 कुमाऊं की "ए" कम्पनी की कमान संभाले हुए थे। उनकी कम्पनी को एक विशाल तिमंजिली इमारत के भू-तल (निचली मंजिल पर कब्जा करने का काम सौंपा गया जिसकी जबरदस्त किलेबन्दी की गई थी और उसमें आतंकवादी मजबूती से जमे हुए थे। टोह लगाने का समय नहीं था, यह सोच कर, मेजर हितेश कुमार पलटा विस्फोटकों से दीवार तोड़कर दरवाजे से अंदर घुस गए और तेजी से निचली मंजिल के आतंकवादियों का सफाया कर दिया जिससे बाकी कम्पनियां ऊपर की दो मंजिलों और छत पर जा पहुंचने में सफल हो सकीं। इस पूरी कार्रवाई के दौरान, मेजर हितेश कुमार पलटा आगे ही आगे डटे रहे, और उनके इस असाधारण शौर्य से प्रेरित होकर ही उनके सैनिक, भारी विरोध के बावजूद इस कठिन कार्य को कर पाने में सफल हो पाए। मेजर पलटा ने बड़ी संख्या में आतंकवादियों को उनके कुछ मुख्य नेताओं के साथ जन्नी भी बनाया।

7 जून, 1984, को प्रातः कुछ आतंकवादी नजर बचा कर फिर से उस इमारत के एक हिस्से में घुस आए। उन्होंने एक संतरी को मार दिया और अन्य दो को जख्मी कर दिया। मेजर हितेश कुमार पलटा अपनी जान जोखिम में डालकर इमारत के एक कमरे में से आतंकवादियों को निकालने के लिए एक छोटी सी पार्टी लेकर आगे बढ़े। इसी कार्रवाई में आतंकवादियों की एक मशीन-गन की बौछार से वे वहीं शहीद हो गए।

इस संक्रिया के दौरान मेजर हितेश कुमार पलटा ने विशिष्ट शौर्य, दृढ़ संकल्प, अद्भुत पहल-शक्ति, प्रेरणाप्रद नेतृत्व और अति असाधारण कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

9. कप्तान हरदेव सिंह (आई सी–27619),
मैकेनाइज्ड इन्फैन्ट्री।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 5 जून 1984)

पंजाब में आतंकवादियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई के दौरान, कैप्टन हरदेव सिंह एक मोटर-सवार कंपनी के कम्पनी कमांडर थे। 5/6 जून, 1984, की रात को उनकी कंपनी को किलेबंद इमारतों में छिपे आतंकवादियों को निकालने में पैदल-सेना की कार्रवाई में मदद देने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। जैसे ही इनकी कवचित गाड़ी उस इमारत में घुसी, उस पर आतंकवादियों के टक-रोधी गोलों की बौछार हुई। कैप्टन हरदेव सिंह अपने सभी सैनिकों को इकट्ठा करके, खुद उनका नेतृत्व करते हुए हमले के लिए बढ़ रही पैदल सेना में शामिल हो गए और इसी बीच जख्मी भी हो गए। बहुत अधिक जख्मी हो जाने के बावजूद, वे जवानों का हौसला बढ़ाते रहे और उन्हें प्रेरित करते रहे ताकि वे अपने उद्देश्य की प्राप्ति कर सकें।

इस कार्रवाई में कैप्टन हरदेव सिंह ने विशिष्ट शौर्य, दृढ़ संकल्प, प्रेरणाप्रद नेतृत्व और अति असाधारण कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

10. कैप्टन विनोद कुमार नाइक (आई सी–31011),
गढ़वाल राइफल्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 5 जून, 1984)

5/6 जून, 1984, की रात आतंकवादियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई के दौरान, कैप्टन विनोद कुमार नाइक प्लाटून कमांडर का कार्य कर रहे थे। उन्हें मजबूत किलेबंदी वाली कुछ इमारतों को हथियाने का कार्य सौंपा गया था। कैप्टन विनोद कुमार नाइक ने रिकायललेस गन से दरवाजे को उड़ा डालने की कोशिश की लेकिन आतंकवादियों द्वारा उन पर फैंके गए फास्फोरस बम के फटने से उनकी जीप में आग लग गई। कैप्टन विनोद कुमार नाइक ने तुरन्त दूसरे दरवाजे को अपना निशाना बनाया जहां उनकी प्लाटून को आतंकवादियों के छोटे लेकिन प्रभावी आग्नेशस्त्रों का सामना करना पड़ा। उन्होंने उस इमारत के दरवाजे और दीवार में सुरंग बना ली और उस छोटी-सी सुरंग से होकर वे अपने आदमियों का नेतृत्व करते हुए अन्दर घुस गए। आतंकवादियों की भारी गोलीबारी के बावजूद वे अपने आदमियों को प्रेरणा देते रहे तथा उत्साहित करते रहे। आगे बढ़ने के खतरों की परवाह किए बगैर कैप्टन विनोद कुमार नाइक उस इमारत के, एक के बाद एक कमरे से आतंकवादियों का सफाया करने के लिए अपने आदमियों के साथ आगे बढ़ते ही गए। इस जोखिम भरे कार्य को पूरा करने में कैप्टन विनोद कुमार नाइक के अनुकरणीय साहस, शौर्य और असाधारण नेतृत्व के कारण ही उनकी यूनिट अपने उद्देश्य को प्राप्त कर पाई।

इस कार्रवाई में कैप्टन विनोद कुमार नाइक ने विशिष्ट शौर्य, अद्भुत पहलशक्ति, दृढ़ निश्चय, धैर्य, प्रेरणाप्रद नेतृत्व और अति असाधारण कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

11. जे सी–98884 सूबेदार कुरुप्पन पलथ रमण रवि, (मरणोपरान्त)
मद्रास रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 5 जून, 1984)

5/6 जून, 1984, की रात "ब्लू स्टार" संक्रिया के दौरान 26 मद्रास रेजिमेंट को एक प्रमुख भवन समूह के दक्षिणी स्कंध पर कब्जा करने का कार्य सौंपा गया। "बी" कंपनी के प्लाटून कमांडर सूबेदार कुरुप्पन पलथ रमण रवि को संक्रिया का नेतृत्व करने का आदेश मिला। वे मुश्किल से 5 मीटर ही बढ़े होंगे कि मशीनगन की बौछार उन पर होने लगी। अपने गंभीर घावों की परवाह किए बिना वे अपनी प्लाटून को आगे बढ़ाते रहे। इसी बीच, उन्हें दोबारा मशीनगन का फायर झेलना पड़ा और वे नीचे गिर पड़े। वे रेंगते हुए ऐसे स्थान पर जा पहुंचे जहां से वह आतंकवादियों की गोलीबारी का जवाब दे सकते थे। कुछ हद तक वे उस मशीनगन चौकी पर काबू पाने में सफल भी हो गए जो उनकी प्लाटून के आगे बढ़ने में रुकावट डाल रही थी। परन्तु उन्हें मशीनगन की गोली तीसरी बार फिर झेलनी पड़ी। बाद में सूबेदार कुरुप्पन पलथ रमण रवि का शव मिला।

इस कार्रवाई में, सूबेदार कुरुप्पन पलथ रमण रवि ने उत्कृष्ट वीरता, धैर्य, दृढ़ संकल्प, अद्भुत पहलशक्ति, नेतृत्व, अनुकरणीय शौर्य और अति असाधारण कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया तथा सेना की उच्चतम परम्पराओं के लिए अपना बलिदान दे दिया।

12. जे सी–84441 सूबेदार महावीर सिंह यादव, (मरणोपरान्त)
पैराशूट रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 5 जून, 1984)

5/6 जून, 1984 की रात "ब्लू स्टार" संक्रिया के दौरान 1-परा के सूबेदार महावीर सिंह यादव "सी" टोम ग्रुप के सैक्शन-इन-कमान थे। उस टुकड़ी को संक्रिया का नेतृत्व करने और एक महत्वपूर्ण इमारत परिसर से आतंकवादियों को बाहर निकालने का आदेश दिया गया था। उग्र-आतंकवादियों ने इमारत के पूरे परिसर को भारी किलेबंदी की हुई थी और उस पर मजबूती से कब्जा किया हुआ था। उनकी टुकड़ी इमारत के मुख्य द्वार से होकर अंदर गई लेकिन उन पर आतंकवादियों ने भारी गोलीबारी शुरू कर दी जिसमें ग्रुप के कमांडर मेजर पी० सी० कटोच घायल हो

गए। सूबेदार महावीर सिंह यादव ने उनको सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की स्वयं व्यवस्था की। परन्तु इस कार्रवाई में उन्हें मशीनगन की एक गोली लग गई। अपने घाव की परवाह किए बिना उन्होंने तुरन्त टीम ग्रुप की कमान स्वयं संभाल ली और टीम ग्रुप के अन्य सैनिकों को प्रेरित किया तथा सौंपे गए काम को पूरा करने के लिए उनका स्वयं नेतृत्व किया। इस कार्यपूर्ति के बीच उनको दूसरी बार मशीनगन की गोली लगी लेकिन अपने घाव की परवाह किए बिना उन्होंने वहीं रहने का आग्रह किया और मोर्चे से हटने से इंकार कर दिया। काफी खून बह जाने के कारण बाद में उनकी मृत्यु हो गई।

इस कार्रवाई में सूबेदार महावीर सिंह यादव ने उत्कृष्ट वीरता, साहस, नेतृत्व और अति असाधारण कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया तथा सेना की उच्चतम परम्पराओं के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी।

13. जे सी–122394 नायब सूबेदार के० जार्ज कोशी, (मरणोपरान्त)
मद्रास।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 5 जून, 1984)

5/6 जून, 1984, की रात आतंकवादी विरोधी संक्रिया के दौरान 26 मद्रास को मजबूत किलेबंदी वाले छिपने के स्थान से आतंकवादियों को बाहर निकालने का काम सौंपा गया। इसके लिए उन्हें एक भवन की पहली मंजिल के कई कमरों को साफ करना था। इस संक्रिया के दौरान नायब सूबेदार के० जार्ज कोशी "सी" कंपनी के अग्रिम प्लाटून कमांडर थे। आतंकवादियों की धुंआधार गोलीबारी के कारण सीढ़ी लगाकर पहली मंजिल तक पहुंचना संभव नहीं था। स्वचालित शस्त्रों की भारी गोलीबारी होने के बावजूद तथा भारी आपत्ति में फंसने पर भी वे सफलतापूर्वक भवन की पहली मंजिल पर पहुंच ही गए। पहली मंजिल पर पहुंचते ही उनकी प्लाटून ने बंकरों का सफाया करना शुरू कर दिया। स्वयं उन्होंने दो बंकरों को ध्वस्त किया और तीसरे की ओर दौड़े। जब वे इस बंकर से निपट रहे थे, तभी उन पर मशीनगन की एक बौछार पड़ी और वे बुरी तरह से घायल हो गए। इस समय जरा-सी भी हलचल संक्रिया की गति को कम कर देता, इसलिए आतंकवादियों की गोलीबारी की परवाह न करते हुए वे निर्भीकता से आगे बढ़े। इसी दौरान उन पर कई बार मशीनगन का फायर आया और इससे पहले कि उन्हें वहां से हटाया जा सके, उनकी घावों के कारण मृत्यु हो गई।

इस कारवाई में, नायब सूबेदार के० जार्ज कोशी ने उत्कृष्ट वीरता, दृढ़ निश्चय, साहस, अनुकरणीय नेतृत्व और अति असाधारण कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया तथा सेना की उच्चतम परम्पराओं के लिए अपने जीवन का बलिदान दे दिया।

14. 3355827 हवलदार सरवन सिंह, (मरणोपरान्त)
गार्ड्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 5 जून, 1984)

5/6 जून, 1984, की रात "ब्लू स्टार" संक्रिया के दौरान, हवलदार सरवन सिंह, 10 गार्ड्स की "डी" कंपनी की 10वीं प्लाटून के सैक्शन कमांडर थे। उनकी कंपनी को एक महत्वपूर्ण भवन समूह के एक हिस्से में से आतंकवादियों को खदेड़ने का काम सौंपा गया। भारी किलेबंदी वाली उस इमारत में आतंकवादी बड़ी मजबूती से जमे हुए थे। उनका सेक्शन जैसे ही सीढ़ियों के पास पहुंचा, आतंकवादियों ने उन पर भारी गोलीबारी की। आतंकवादी रोशनदानों से हथगोले भी फेंक रहे थे जिससे आगे बढ़ना बेहद मुश्किल हो गया। ऐसी हालत में हवलदार सरवन सिंह ने महसूस किया कि जब तक तहखाने से गोलीबारी कर रहे हथियारों का मुंह बंद नहीं किया जाएगा तब तक आगे बढ़ना संभव नहीं होगा। जान का भारी जोखिम उठाकर भी वे रेंगकर तहखाने में पहुंचे और हथगोले फेंक कर वहां से गोलीबारी करने वाले स्वचालित शस्त्रों को ध्वस्त कर दिया। पर, इस शौर्य के प्रदर्शन में हवलदार सरवन सिंह तहखाने से आई मशीनगन की बौछार का निशाना बन गए और अपने मिशन को पूरा करने में बलिदान हो गए।

इस कार्रवाई में हवलदार सरवन सिंह ने उत्कृष्ट वीरता, नेतृत्व, धैर्य, दृढ़ निश्चय और अति असाधारण कोटि की कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया तथा सेना की उच्चतम परम्पराओं के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी।

15. 3970902 हवलदार चन्दर पाल ठाकुर, (मरणोपरान्त)
डोगरा रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 5 जून, 1984)

5/6 जून, 1984, की रात "ब्लू स्टार" संक्रिया के दौरान यांत्रिक परिवहन प्लाटून के गैर कमीशन अफसर, हवलदार चन्दर पाल ठाकुर को एक राइफल सैक्शन की कमान संभालने का आदेश दिया गया तथा एक महत्वपूर्ण इमारत से आतंकवादियों को निकालने का काम सौंपा गया। इस इमारत की मजबूती से किलेबंदी की गई थी और इसमें आतंकवादी मजबूती से जमे हुए थे। वे आतंकवादियों के बहुत तेज और अचूक फायर में घिर गए। इस कार्रवाई में वे मशीनगन की गोलियों की बौछार से घायल हो गए। इतने पर भी अपने घावों तथा अपने आप की सुरक्षा की परवाह किए बिना वे रेंगते हुए आतंकवादियों की मशीनगन चौकी की ओर बढ़े और उसके ऊपर एक हथगोला फेंककर उसे नष्ट कर दिया। इसके बाद बाकी कमरों में से भी आतंकवादियों को साफ करने के लिए वे बार-बार आगे आए। इस बीच उन पर मशीनगन फायर की दूसरी बौछार हुई और वे वहीं शहीद हो गए।

इस कार्रवाई में हवलदार चन्दर पाल ठाकुर ने अद्वितीय साहस, नेतृत्व-गुणों और निजी शौर्य का परिचय दिया तथा सेना की उच्चतम परम्पराओं के लिए अपना बलिदान दे दिया।

16. 2574620 हवलदार वर्गीस मैथ्यू,
मद्रास रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 5 जून, 1984)

5 जून, 1984, को आतंकवादी विरोधी संक्रिया के दौरान 26 मद्रास को एक ऐसी बड़ी इमारत से आतंकवादियों को निकालने का काम सौंपा गया जिसमें आतंकवादी मजबूत किलेबंदी करके जमे हुए थे। इस इमारत को आतंकवादियों ने बाकायदे में एक किले में बदल दिया था और इसका चप्पा-चप्पा स्वचालित हथियारों की मार में था। "डी" कंपनी हरावल में थी और उसे रास्ता बनाकर इमारत के दक्षिणी खंड की निचली मंजिल पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था। हवलदार वर्गीस मैथ्यू "डी" कंपनी की एक प्लाटून के हवलदार थे। कंपनी पर सभी तरफ से भारी फायर हो रहा था जिससे अन्दर जाने के लिए मुख्य दरवाजे को छोड़कर कोई और रास्ता ढूंढना कठिन हो गया। वर्गीस मैथ्यू सबसे आगे-आगे रहे और इन्होंने आगे बढ़ने की गति को बनाए रखा। जब कंपनी इमारत में पहुंच गई तो दक्षिणी खंड पर कब्जा करने के लिए हवलदार मैथ्यू एक सैक्शन को साथ लेकर बंकरों को साफ करने के लिए आगे बढ़े। जैसे ही वे एक कमरे में पहुंचे, उन पर मशीनगन से गोलियों की बौछार हुई। एक मोलोटोवकाकटेल इनके पूरे शरीर पर फैल गया और उनके सारे शरीर में आग पकड़ ली। हालांकि वे स्वयं बुरी तरह से जल रहे थे, फिर भी उन्होंने आतंकवादियों के कमरों में हथगोले फेंके और उन्हें तत्काल मार डाला। वे स्वयं उसमें गंभीर रूप से जल गए।

इस कारवाई में हवलदार वर्गीज मैथ्यू ने उत्कृष्ट साहस, शौर्य, दृढ़संकल्प, कर्त्तव्यपरायणता तथा उच्चकोटि के नेतृत्व का परिचय दिया।

17. 13610803 पैराट्रूपर जगपाल सिंह,
पैराशूट रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 5 जून, 1984)

पंजाब में आतंकवादी विरोधी संक्रियों के दौरान पैराट्रूपर जगपाल सिंह "सी" टीम ग्रुप में थे। 5/6 जून, 1984, की रात को उस टीम को एक इमारत के एक हिस्से पर कब्जा करने का कार्य सौंपा गया जिस पर आतंकवादियों ने भारी किलेबंदी कर रखी थी और वे मजबूती से वहां जमे हुए थे। जब यह टीम ग्रुप मुख्य द्वार से उस इमारत में प्रवेश करने

का प्रयत्न कर रहा था तभी उस पर मशीनगन से बहुत भारी और लगातार फायर हुआ। पैराट्रूपर जगपाल सिंह को मार्गदर्शक स्काउट चुना गया। वे आगे बढ़ने के रास्ते पर फायर पोजिशन लेने जा ही रहे थे कि अचानक तीन आतंकवादियों से इनकी मुठभेड़ हो गई और उन्होंने उन पर फायर कर दिया। उन्होंने फौरन अपना बचाव किया और उन पर जवाबी फायर कर दिया जिससे तीनों ही आतंकवादी मारे गए। इसके बाद पैराट्रूपर जगपाल सिंह आहतों को निकालकर सुरक्षित स्थान पर ले गए। जब वे टीम कमांडर मेजर पी० सी० कटोच को निकालने की कोशिश कर रहे थे, उनकी दोनों आंखों में किरचें आ घुसीं। लेकिन उससे डगमगाए बिना और अपने घावों और प्राणों की परवाह किए बिना वे अपने टीम कमांडर को दो सौ मीटर तक तो खुद उठाकर ले गए लेकिन उसके बाद थकान और अत्यधिक खून बह जाने के कारण बेहोशी की हालत में गिर गए।

इस कारवाई में पैराट्रूपर जगपाल सिंह ने साहस, दृढ़ संकल्प, शौर्य भाईचारे की उत्कृष्ट भावना और अति असाधारण कोटि की कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

सु० नीलकण्ठन,
राष्ट्रपति का उप सचिव

गृह मंत्रालय

(गृह विभाग)

(पुनर्वास विंग)

नई दिल्ली, दिनांक 31 जनवरी 1985

संकल्प

सं० 6(2)/85-डेस्क—भारत सरकार ने भूतपूर्व पुनर्वास मंत्रालय के दिनांक 12-9-1958 के संकल्प द्वारा संगठित तथा संकल्प संख्या 6/5/दण्डक/59 दिनांक 4-3-1960 तथा 6/7/दण्डक/60 दिनांक 20-6-60 और 13-9-60 द्वारा यथा संशोधित दण्डकारण्य विकास प्राधिकरण को पुनर्गठित करने का निर्णय लिया है। तदनुसार संकल्प के पैरा 2 को निम्न रूप में प्रतिस्थापित किया जाए:—

"2. प्राधिकरण का गठन निम्न प्रकार का होगा :—

1. अध्यक्ष
2. मुख्य प्रशासक, दण्डकारण्य परियोजना
3. मुख्य सचिव, मध्य प्रदेश सरकार अथवा उसका मनोनीत व्यक्ति
4. मुख्य सचिव, उड़ीसा सरकार अथवा उसका मनोनीत व्यक्ति
5. मुख्य सचिव, पश्चिम बंगाल सरकार अथवा उसका मनोनीत व्यक्ति।
6. गृह मंत्रालय में आदिवासी कल्याण से संबंधित संयुक्त सचिव/अपर सचिव
7. गृह मंत्रालय में विस्थापित व्यक्तियों के पुनर्वास से संबंधित संयुक्त सचिव
8. केन्द्रीय वित्त मंत्रालय का प्रतिनिधि।

दण्डकारण्य परियोजना के मुख्य प्रशासक प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी होंगे। एक पूर्णकालिक अधिकारी को प्राधिकरण का सचिव नियुक्त किया जायेगा।"

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की प्रतिलिपि निम्न को भी भेज दी जाये :—

सभी राज्य सरकारें, भारत सरकार के सभी मंत्रालय, योजना आयोग, मंत्रिमण्डल सचिवालय, संघ लोक सेवा आयोग, प्रधान मंत्री सचिवालय, राष्ट्रपति के सचिव, भारत के नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक, सभी महालेखाकार तथा नियंत्रक, लेखा उप नियंत्रक (पुनर्वास), मान सिंह रोड, नई दिल्ली, रेलवे बोर्ड, पूर्ति तथा निपटान महानिदेशालय, मुख्य प्रशासक दण्डकारण्य परियोजना कोरापुट (उड़ीसा)।

यह भी आदेश दिया जाता है कि ग्राम जानकारी के लिये संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाये।

एस० के० बसु, संयुक्त सचिव

उद्योग और कम्पनी कार्य मंत्रालय

(औद्योगिक विकास विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 18 फरवरी 1985

संकल्प

सं० 6(4)/82-के० वी० आई० (I)—भारत सरकार ने खादी तथा ग्रामोद्योगों के संवर्धन के लिये 1957 में खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग की स्थापना की थी। खादी तथा ग्रामोद्योग क्षेत्र के विकास की गति को बनाए रखने के लिए खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग के कार्यकलापों का स्तर अब काफी बढ़ गया है। साथ ही, औद्योगिक और ग्रामीण विकास के संवर्धन के लिए नए संगठन भी अस्तित्व में आ गए हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका, इसकी नीतियों और कार्यक्रमों तथा प्रणालियों एवं प्रक्रियाओं की संवीक्षा करना आवश्यक समझा गया है। इस प्रयोजन के लिये, भारत सरकार ने, तुरन्त प्रभाव से, एक समिति गठित करने का निर्णय लिया है, जिसमें निम्नलिखित व्यक्ति शामिल होंगे :—

1. श्री एम० रामाकृष्णाय्या, एन० ए० बी० ए० आर० डी० के भूतपूर्व अध्यक्ष तथा भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर	अध्यक्ष
2. अध्यक्ष, खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग	सदस्य
3. अपर सचिव तथा वित्तीय सलाहकार उद्योग और कम्पनी कार्य मंत्रालय	सदस्य
4. खादी तथा ग्रामोद्योग प्रभाग के प्रभारी संयुक्त सचिव, औद्योगिक विकास विभाग	सदस्य
5. सलाहकार (वी० एस० आई०) योजना आयोग	सदस्य
6. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग	सदस्य
7. प्रो० के० कामता प्रसाद, इण्डियन इन्स्टीट्यूट आफ पब्लिक एडमिनीस्ट्रेशन	सदस्य
8. श्री हरभजन सिंह, मुख्य प्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक, नई दिल्ली	सदस्य
9. श्री वी० पद्मानाभन, अध्यक्ष, प्रमाणीकरण समिति, खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग	सदस्य
10. एक वैज्ञानिक/प्रौद्योगिकीविद	सदस्य
11. श्री वाई० ए० पण्डित राव, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी, खादी तथा ग्रामोद्योग।	सदस्य-सचिव

2. समिति के विचारार्थ विषय निम्न प्रकार होंगे :—

(1) खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग द्वारा शीर्षस्थ स्तर के एक संगठन के रूप में इसे सौंपे गये कार्यों को पूरा करने में निभाई गई भूमिका की समीक्षा करना तथा भविष्य में इसे कौन सी भूमिका निभानी चाहिये, उसका सुझाव देना;

